संक्षिप्त

21 से शुरू होगी रामलीला

किशनगढ़ बास। कला मंच समिति की बैठक हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से एडवोकेट राकेश तिवाड़ी अध्यक्ष बनाया गया है। कला मंच समिती के मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि नवीन कार्यकारणी मे अध्यक्ष पद पर एडवोकेट राकेश तिवाड़ी, व्यास पीठ चंद्र प्रकाश शर्मा , संरक्षक अशोक अग्रवाल ,उमेश कांत वशिष्ठ, खेम चंद्र यादव, हरिओम गुप्ता , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामपाल यादव , निर्देशक गजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष विशाल सोनी, महिपाल जांगिड़, कोषाध्यक्ष पद पर हरीश गोयल, सचिव पद पर हरिशंकर सोनी, सह सचिव दीपक सैन, भंडारी मुकेश सोनी, विकी सोनी, डिम्पल जांगिड़, मयंक शर्मा को बनाया गया है। इस दौरान धीरज सोनी, विकास गोयल, ,हनुमान यादव, महेंद्र चौहान,सुमित सोनी,सोनू , मोनू आदि मौजूद रहे। बैठक मे वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा दिया गया व रामलीला का मंचन 21 सितंबर से करने का निर्णय लिया गया है।

भजन संध्या कार्यक्रम सम्पन्न

दौसा। भाद्रपद मास के दषलक्षण पर्व के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज पुराने शहर स्थित 1200 वर्ष प्राचीन चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता प्रतीक जैन ने बताया कि इस अवसर पर पुरूष व महिला वर्ग की दो टीमें बनाई गई। दोनों टीमों ने एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किये। पारस प्यारा लाग्यो, जिनेष्वर प्यारा लाग्यो। दयालु प्रभु से दया मांगते है, अपने दुखों की दवा मांगते हैं। इस जन्म में ना सही पर भव में मिलता है, अपने अपने कर्मों का फल सबको मिलता है। आदि भजन गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन, त्रिषला महिला मंडल अध्यक्षा अनिता जैन, महामंत्री सुनीता नीमला, सुधीर जैन एडवोकेट, राजेन्द्र जैन एडवोकेट, राजकुमार, अजीत, मनीष, मदन, संजय, प्रवीण, विधि, सुमन सहित जैन समाज के महिला-पुरूष-बच्चे अधिक संख्या में मौजूद थे।

दुर्घटना स्थलो का चिन्हीकरण कर किया सुधार

टोंक। महानिदेशक पुलिस जयपुर के निर्देशो पर जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा चलाये गये विशेष अभियान दुर्घटना के स्थानों का चिन्हीकरण एवं सुधार कार्यक्रम के तहत वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी एवं मेहन्दवास थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में मेहन्दावास थाना स्टाफ के सहयोग से एनएच-52 एवं स्टेट हाईवे 37 ए पर आने व जाने वाली रोड पर एवं ग्राम छाण से नेशनल हाईवे पर मिलने वाली रोड पर 4-4 एवं नेशनल हाईवे से चारो तरफ रही निकल सर्विस रोड पर 4 स्पीड ब्रेकर बनाया जाकर एवं नेशनल हाईवे एनएच 52 पर पीले कलर की रम्बल स्ट्रीप लाईने बनवाई जाकर दुघर्टना संभावित स्थान सुरक्षित किए जाने का प्रयास किया गया।

जागरूकता कैंप आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जयपुर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा वालंटियर दिनेश कुमार शर्मा ने शहीद राजेश कुमार जाट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुराणा मे विधिक सेवा जागरूकता का कैंप आयोजित किया गया है। इस शिविर की अध्यक्षता श्री प्रधानाचार्य रमेश कुमार सैनी द्वारा की गई। महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष लाजवंती यादव भी मौजूद रही। उन्होंने विद्यार्थियों को डिप्रेशन की स्थिति में गरिमा पेटी में अपनी समस्याओं को लिखकर डाल देवे। आपकी समस्या का निदान किया जायेगा। पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि साइबर क्राइम क्या है, इससे अपने आपको कैसे बचाया जा सकता है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मन की बात कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित

टोंक। भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष मीणा ने कहा कि मन की बात महीने के अंतिम रविवार को आयोजित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के तहत देश के नागरिकों के साथ राष्ट्र से संबंधित मुद्दों और विषयों पर बातचीत करेगे। आकाशवाणी नेटवर्क के माध्यम से इस कार्यक्रम को आयोजित किया जायेगा, इसके अलावा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाता है ताकि यह स्थानीय श्रोताओं तक पहुंच सके।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम

मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

अनकही कहानियां, नवाचार के सपने और एकता का संदेश है, जो भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। मन की बात कार्यक्रम में देश की प्रगति, संस्कृती के बारे में बताया जाता हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण के मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं, यह आम जनता के बीच एक बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसमें देश भर से लोग प्रधानमंत्री मोदी को सुनतेहै।

- **प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के तहत देश के नागरिकों के साथ राष्ट्र से संबंधित मुद्दों और विषयों पर बातचीत करेगे**

इस अवसर पर टोंक प्रभारी केडी सिंहल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा , मन की बात संयोजक राजेश शर्मा, बबलू टैंकर, प्रधान काबरा,राजेन्द्र राणावत, रमाकान्त शर्मा, जिला मंत्री हरिराम यादव, रामकिशन, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, नंदलाल, महावीर गुर्जर, विष्णु चांवला, पंकज पहाड़िया सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मौसम बदलने से वायरल बुखार का प्रकोप

पावटा। मौसम में बदलाव के चलते पावटा उपजिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़कर 1200 तक पहुंच गई है। पांच दिन पहले तक ये संख्या एक हजार थी। इमरजेंसी और दवा काउंटर के बीच जगह-जगह मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। सुबह आठ बजे से लेकर शाम चार बजे तक अस्पताल में मरीज ही मरीज नजर आते हैं। सर्वाधिक मरीज वायरल फीवर के हैं जो लगातार पिछले कई दिनों से बढ़ रहे हैं। मरीजों का कहना है कि पहले गले में संक्रमण होता है और फिर तेजी से सिर में दर्द शुरू हो जाता है। इन लक्षणों के कुछ ही घंटों में वायरल जकड़ लेता है।

वायरल फीवर के मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। अस्पताल में सबसे ज्यादा वायरल बुखार के मरीज आ रहे हैं। रोजाना 250 से 300 मरीज वायरल बुखार के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। छोटे बच्चों में भी वायरल का प्रकोप देखा जा रहा है। रोजाना लगभग

- **उपजिला अस्पताल में रोजाना 1200 मरीज पहुंच रहे**

200 बच्चे वायरल बुखार से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल की लैब में जांचों की संख्या भी बढ़ गई है। रोजाना 150 से 200 मरीजों की सीबीसी जांच की जा रही है। गंभीर बुखार के मामलों में मलेरिया और डेंगू की जांच भी की जा रही है।

राहत की बात ये है कि अभी तक मलेरिया या डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है। उपजिला अस्पताल पीएमओ डॉ. रवि बंसल ने लोगों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का सबसे कारण मौसम बदलाव है। मौसम में आ रहे उतार चढ़ाव से कभी मौसम का पारा चढ़ रहा है तो कभी नीचे आ रहा है।

कार्यशाला का आयोजन

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ की स्थानीय ईकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 "नीति से परिवर्तन" तक विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत करते हुये प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर ने बताया कि शिक्षा नीति किसी राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका का निर्वाह करती है। राष्ट्र के भविष्य की गति क्या होगी यह शिक्षा नीति को देखकर सहज ही अनुमानित किया जा सकता है। मुख्य वक्ता प्रदेश सह संगठन मंत्री डॉ. गंगाश्याम गुर्जर ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 भविष्य के भारत का दस्तावेज है। वर्षों से चली आ रही शिक्षा नीति में परिवर्तन वर्तमान समय की मांग थी। उन्होनें कहा कि इस शिक्षा नीति का निर्माण भारत के अतीत के स्वर्णकाल को आधार बनाकर भविष्य की ओर देखते हुये किया गया है। यह शिक्षा नीति नौकर बनाने की अपेक्षा स्वरोजगार तथा उद्यम को बढ़ावा देती है।

कांग्रेस ने प्रेस वार्ता में उठाए जनसमस्याओं के मुद्दे

भरतपुर। भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी ने बयाना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सूपा, जिला महासचिव योगेश सिंघल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया और जिले की कानून-व्यवस्था, बदहाल सड़कों, खराब चिकित्सा व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर तीखे सवाल खड़े किए।

जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि बयाना सहित पूरे भरतपुर जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। हाल ही में बीरमपूरा गांव से लौट रहे एक सर्राफा व्यापारी की गोली मारकर लूट की गई, जबकि इससे पहले भी इसी तरह की वारदात में एक व्यापारी की हत्या हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है और बदमाशों में कानून का कोई भय नहीं रह गया है।

- **जिले की कानून-व्यवस्था, बदहाल सड़कों, खराब चिकित्सा व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर तीखे सवाल खड़े किए**

सूपा ने भरतपुर की सड़कों की जर्जर हालत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि डाग क्षेत्र की सड़कें वर्षों से टूटी पड़ी हैं, लेकिन सरकार मरम्मत तक नहीं करवा पा रही है। उन्होंने पूर्व एसपी मृदुल कच्छावा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि तब अपराधियों में भय था, लेकिन अब फिर से अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

जिला कांग्रेस महासचिव योगेश सिंघल ने कहा कि भरतपुर की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स को आइकोनिक हेरिटेज पैलेस/होटल पुरस्कार से सम्मानित किया

जयपुर/शाहपुरा । राजस्थान की समृद्ध विरासत और पर्यटन क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए, शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स को इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस अवॉर्ड्स 2025 के अंतर्गत आइकोनिक हेरिटेज पैलेस/होटल (1950 से पूर्व) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मानजनक अवॉर्ड समारोह जयपुर के मैरियट होटल में भव्यता के साथ आयोजित हुआ।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा, चेयरमैन - शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं को चेयरमैन - फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल और साथ ही रत्ना कुमारी, मैनेजिंग डायरेक्टर - शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स एवं बीजेपी नेत्री को डॉ. अरुण चतुर्वेदी जी, चेयरमैन - स्टेट फाइनेंस कमीशन, राजस्थान, नेशनल एग्जीक्यूटिव मेंबर - भाजपा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा राजस्थान, एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री

आइकोनिक हेरिटेज पैलेस/होटल (1950 से पूर्व) पुरस्कार से सम्मानित करते हुए।

द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार समूह के उस समर्पण का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत को न केवल संरक्षित किया गया, बल्कि उसे आधुनिक युग के अनुरूप भी ढाला गया है। शाहपुरा हाउस, जयपुर और शाहपुरा हवेली, शाहपुरा, सहित अन्य संपत्तियाँ भारत के विरासत पर्यटन मानचित्र पर एक अलग पहचान बना चुकी

- **रत्ना कुमारी ने कहा हम राजस्थान की शाही परंपराओं को वैश्विक मंच पर ले जाएँ। यह सम्मान हमारे प्रयासों को मान्यता देने के साथ-साथ हमारी ज़िम्मेदारी भी बढ़ाता है**

हैं।इस गौरवपूर्ण अवसर पर सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा ने कहा कि यह सम्मान हमारे परिवार, हमारी टीम और राजस्थान की संस्कृति के लिए गर्व का विषय है। यह हमें विरासत के संरक्षण और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा की दिशा में और भी समर्पित बनाता है।" रत्ना कुमारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हम राजस्थान की शाही परंपराओं को वैश्विक मंच पर ले जाएँ। यह सम्मान हमारे प्रयासों को मान्यता देने के साथ-साथ हमारी ज़िम्मेदारी भी बढ़ाता है।

शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स के बारे में :- शाहपुरा होटल्स एंड रिज़ॉर्ट्स एक प्रमुख लक्ज़री हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी ग्रुप है, जो राजस्थान के भव्य महलों और ऐतिहासिक भवनों को बुटीक होटलों के रूप में परिवर्तित कर मेहमानों को शाही अनुभव प्रदान करता है।

राडावास में स्टेट हाईवे पर 4 करोड़ 40 लाख की लागत से बनेगा सी.एच.सी. भवन

शाहपुरा। राडावास कस्बे में कानसिंहपुरा बस स्टैंड पर चोमू अजीतगढ़ स्टेट हाईवे पर 4 करोड़ 40 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास शनिवार को कुंडाधाम के महंत महामंडलेश्वर प्रहलाद दास महाराज के सानिध्य, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल के विशिष्ट आतिथ्य व सरपंच अमर सिंह शेखावत की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयपुर सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र व राज्य सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के हर व्यक्ति और हर मकान तक विकास कार्य करवाना है। सांसद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा ग्राम विकास के देखे गए सपने को साकार करते हुए विश्व पटल पर आज भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे।

पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।

कहा कि प्रदेश में चार दशक से शाहपुरा क्षेत्र विकास के काम में सदैव अग्रणी रहा है।

शाहपुरा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच अमर सिंह शेखावत ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के बारे में बताते हुए ग्राम पंचायत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सांसद से विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृत करवाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान मंजू सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा, मामराज पुरी , मालीराम सैनी, रामचंद्र यादव सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चार करोड़ 40 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पार्षद हरिनारायण गठाला, सरपंच रामस्वरूप चौधरी सहित क्षेत्र के कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों के लिए सांसद को ज्ञापन किया।

पुस्तकालय का निरीक्षण

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के संयुक्त निदेशक, अकादमिक डॉ. विजय सिंह जाट ने प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु संचालित पुस्तकालयध्वाचनालय का निरीक्षण किया।

खोया पाया

मैरे प्लॉट संख्या । 962, अभिनव विहार, जेडीए जोन-14, का कब्जा पत्र डी- 562 एवं भवन निमार्ण अनुज्ञा आवेदन प्राप्ति रसीद कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। राजेन्द्र कुमार सिंघल 9314191525

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री दशरथ ठाकुर पुत्र श्री भुवनेश्वर ठाकुर निवासी एकता नगर, एस-ब्लॉक, प्लॉट संख्या-56, काला कोठी, गौशाला पथ रोड, जयपुर के स्वामित्व का प्लॉट संख्या 4 ब्लॉक-ए, स्थित मंगल मारुति विहार, सिरानी, भाषुरा रोड, तहसील सांगानेर जिला जयपुर कुल क्षेत्रफल 200 वर्गगज जो कि बाबा आर.एन. गौड़ गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड रजिस्ट्रेशन नम्बर 59/ एल की सहकारी द्वारा आवंटित किया गया था का मूल आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान दिनांकित 20.01.2011 कहीं खो गये है जिसकी रिपोर्ट पुलिस मे दर्ज करा दी गई है यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हो गये है तो वह मेरे अभिभाष्य को अथवा मुझसे सम्पर्क कर लौटा देवे तथा मेरे अभिभाष्य द्वारा सोसायटी से डुप्लीकेट पत्रा प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन किया है किसी भी व्यक्ति/संस्था को डुप्लीकेट पत्रा जारी करवाये जाने मे किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह 7 दिवस मे अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।
जयपुर (विमल शर्मा) एडवोकेट
दिनांक मो.-9352407193

आम सूचना मेरे अभिभाष्य जयसिंह बुडानिया पुत्र स्व. मालाराम बुडानिया एवं सुनिता बुडानिया पत्नी जयसिंह निवासी बी-75, आचार्य विनोबा भावे नगर, वैशाली नगर, जयपुर राजस्थान 302021 के पुत्र अंकित बुडानिया व उसकी पत्नि सुशीला चौधरी शादी के बाद से ही उनके कहने मे नही है और आये दिन पूरे परिवार को हैरान परेशान कर मरने मारने की व झूठे मुकदमों मे फसाने की धमकीया देते आ रहे है, इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। अब मेरे अभिभाष्यगण का उसके पुत्र और पुत्रवधु से आपस मे कोई लेना देना नही रहा, यदि भविष्य मे पुत्र अंकित व पुत्रवधु सुशीला चौधरी से कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का संव्यवहार करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
जयपुर (सुरेश कुमार मिठारवाल) एडवोकेट
दिनांक :-30.08.2025 मोबाईल नं.-9414062160, 8003372160

सूचना मै कपिल कुमार शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा निवासी ग्राम थौलाई तहसील जमवा रामगढ जिला जयपुर फर्म कपिल फिलिंग स्टेशन, ग्राम थौलाई, तहसील जमवा रामगढ जिला जयपुर से स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत हो रहा हूँ। उक्त के संबंध में नवीन पार्टनरशिप डीड दिनांक 27.07.2025 को संपादित की जा चुकी है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आगामी सात दिवस में जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर ग्रामीण में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:4424 दिनांक:16/6/25
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 263/760 (MIG-A) (एरिया 96.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री हरीश नन्दवानी पुत्र श्री लोक चन्द नन्दवानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6417 दिनांक 13.03.2009 को जारी किया गया। श्री हरीश नन्दवानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 09.11.2009 को उप पंजीयक जयपुर-षष्ठम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री हरीश नन्दवानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 11.02.2010 के द्वारा श्री अंकेश जैन पुत्र श्री राकेश जैन को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री अंकेश जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 25.01.2016 के द्वारा श्री उमेश शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती श्री उमेश शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री उमेश शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/526
चूंकि प्रार्थी श्री DR- ANIL GUPTA, PLOT NO. HE 542, RAM MARG, NEAR SANSKAR SCHOOL HANUMAN NAGAR EXTENSION JAIPUR 302021 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास MEDICAL HEALTH CARE AND RURAL DEVELOPMENT SANSTHAN, राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है। कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेषी 29.10.2025
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर प्रथम

नाम परिवर्तन

मैने मेरा नाम गुलाम रसूल एवं पिता का नाम अलानूर खान से बदलकर गुलाम रसूल मंसूरी (GULAM RASOOL MANSOORI) एवं पिता का नाम अलानूर खान मंसूरी (ALANOOR KHAN MANSOORI) रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जावे। निवासी- P.N.75, संजय नगर-बी, झोटवाड़ा, जयपुर।

मैने मेरा नाम सुपरेदा बानो उर्फ सुपरेदा बेगम से बदलकर सुपरेदा (SUPREDA) पत्नी उस्मान गनी रख लिया है। भविष्य में मुझे सुपरेदा नाम से ही जाना पहचाना जावें। पता-57, इस्लाम नगर झोटवाड़ा, जयपुर।

मैने मेरा नाम विनोद कुमार शर्मा से बदलकर विनोद शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। विनोद शर्मा पुत्र श्री हरिनारायण शर्मा 61, ए, नारायण विहार विस्तार, जयपुर

मैं अतुल कुमार आर्मी नं- 15698790X रैंक- हवलदार अतुल कुमार निवासी- वी.पी.ओ, टांडा माजरा, तहसील बुढ़ाना जिला- मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश- 251309 ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी माताजी का नाम सुरेश देवी से बदलकर सुरेश उर्फ सरोज व जन्मतिथि 01-07-1966 से 01-01-1960 कर लिया है।

मैने अपना नाम तुषार संजय भार्गव से बदलकर तुषार भार्गव रख लिया है। भविष्य में मुझे तुषार भार्गव पुत्र श्री संजय भार्गव के नाम से जाना जावें। पताः 707, गारनेट-ए, अरबाना ज्वैल्र्स, मुहाना मंडी, सांगानेर, जयपुर- 302029

मैने अपना नाम दिव्या तुषार भार्गव से बदलकर दिव्या खन्ना रख लिया है। भविष्य में मुझे दिव्या खन्ना के नाम से जाना जावे। पताः 707, गारनेट-ए, अरबाना ज्वैल्र्स, मुहाना मंडी, सांगानेर, जयपुर- 302029

मैने अपनी बेटी का नाम टिया तुषार भार्गव से बदलकर टिया भार्गव रख लिया है।भविष्य में उसे टिया भार्गव पुत्री श्री तुषार भार्गव के नाम से जाना जावें। पताः 707, गारनेट-ए, अरबाना ज्वैल्र्स, मुहाना मंडी, सांगानेर, जयपुर- 302029

मैं सेन्य संख्या 3016914W पद नायक नाम सुभाष गुर्जर जो की मेरी माताजी की सेन्य दस्तावेजों में जन्मतिथि 01/04/1973 है। जो की वास्तविक सभी दस्तावेजों में जन्मतिथि 06/10/1965 है। मेरा अनुरोध है कि मेरी माताजी की वास्तविक जन्मतिथि सेन्य दस्तावेजों में सुधार कर दिया जाये।

मैने अपना नाम पवन कुमार व्यास से बदलकर पवन व्यास पुत्र सुरेश चन्द व्यास रख लिया है अतः भविष्य में मुझे पवन व्यास के नाम से जाना जाये पता -85 श्रीबालाजी नगर-, रामपुरा रोड सांगानेर जयपुर 302020

I Babita Spouse of No.14853206W Hav/SKT Shiv Bhagwan Dukia Resident of Husenpura Ki Dhani, Husenpura, Nagaur Rajasthan, 341303 have Changed my Name From Babita to Babita Devi Vide Affidavit BZ984149, Date 30.08.2025

I have changed my name Rupani Ramesh Mevaram to Ramesh Rupani for all future and legal purpose. 119/397, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur- 302020

राजस्थान सरकार
कार्यालयः- राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी (322201)
क्रमांकः/2025/500 दिनांकः 21.08.2025
(E-tender NIB No.01 /2025-26)
Sealed Single Stage Two envelopes and unconditional online Bids for **Rate contract for upto 31.03.2026 provide "Un-Skilled,Semi Skilled, Skilled And Highly skilled manpower for Government College,Gangapur City** are invited from interested bidders upto 01.09.2025 at 2.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal (http://eproc.rajasthan. gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is **Rs. 25 Lakh.**
UBN No.-ECD2526SLRC00216 **Principal Government College, Gangapur City**

उत्तर पश्चिम रेलवे
ठेकों की ई-ऑक्शन सूचना
संख्याः- सी-45/1/केटरिंग/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक 29.08.2025

1.	कार्य का नामः	जयपुर मण्डल के विभिन्न श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर केटरिंग स्टॉलों, मल्टीपरपज स्टाल (एमपीएस), विज्ञापन, मिस्लेनियस स्टेटिक सर्विस, एटीएम, एसएलआर व पार्किंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन ।
2.	कार्य की अवधिः	केटरिंग स्टॉल :- 05 वर्ष मल्टीपरपज स्टाल (एमपीएस):- 05 वर्ष पार्किंग :- 03 वर्ष विज्ञापन :- 03 वर्ष मिस्लेनियस स्टेटिक सर्विस :- 05/03 वर्ष एटीएम :- 05 वर्ष एसएलआर :- 02 वर्ष
3.	लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि एवं समयः	केटरिंग स्टॉल (CATG34):- दिनांक 15.09.2025 को 11:15 बजे। एमपीएस (MPS04) :- दिनांक 16.09.2025 को 11:15 बजे। पार्किंग (PKG51) :- दिनांक 12.09.2025 को 11:15 बजे। विज्ञापन (ADVT53) :- दिनांक 10.09.2025 को 11:15 बजे। मिस्लेनियस स्टेटिक सर्विस (MSS26):- दिनांक 10.09.2025 को 11:15 बजे। एटीएम (ATM27) :- दिनांक 10.09.2025 को 11:15 बजे। एसएलआर (SLR64) :- दिनांक 10.09.2025 को 11:15 बजे।
4.	वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज़ ई-ऑक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उपरे-जयपुर
1103-AJ/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय ग्राम पंचायत शिवाड, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर
क्रमांक-2025-26/177-179 **ई-निविदा सूचना संख्या-03/2025-26** दिनांक-28/8/205
पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा के अधीन ग्राम पंचायत शिवाड में राज्य वित्त आयोग षष्ठम योजनाओं में स्वीकृत अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य शिवाड हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा दरें ई-प्रीक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग) वेबसाईट www.eproc.rajasthan.g